सुप्रभात
मंगलवार 01.10.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 164
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## नन्हे हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। आज इस मामले में अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया। प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था। 24 नवंबर 21 को दोपहर लगभग 3:20 बजे दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियों की बौछार कर दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे।

## नीरज सिंह हत्याकांड में अभियोजन को बहस का आदेश

**धनबाद ।** चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड की सुनवाई सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई। आरोपी पिंटू सिंह हाजिर थे जबकि अन्य आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान पंकज सिंह की याचिका पर बहस हुई। अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को बहस करने का आदेश दिया है। 21 मार्च 2017 को संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राइवर के साथ आगे की सीट पर बैठे थे। पीछे की सीट पर उनका सहायक सरायढेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाइक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर दी थी। हमले में नीरज के अलावा तीन अन्य अशोक यादव, मुन्ना तिवारी व ड्राइवर घोल्टू महतो की भी मौत हुई थी।

## मटकुरिया गोलीकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई। अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। आरोपी पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे। बताते चलें कि 27 अप्रैल 2011 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आर .के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## सूचना अधिकार के तहत जानकारी नहीं मिलने पर थाना में शिकायत

**कतरास।** सूचना के अधिकार को लेकर मुराईडीह की महिला लक्ष्मी देवी ने बरोरा थाना में ऑन लाइन शिकायत की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के जन सूचना पदाधिकारी से आरटीआई एक्ट के तहत कुछ आवश्यक सूचना मांगी थी। लेकिन थर्ड पार्टी कह कर सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्होंने प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास फरियाद की, जहां से सम्बधित अधिकारी को लक्ष्मी द्वारा मांगी गयी सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# मुख्यमंत्री ने युवाओं के प्रशिक्षण के लिए दिये 12.72 करोड़ रुपये

### बलियापुर में झारखंड स्किल कन्क्लेव-2024 में की गई घोषणाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बलियापुर हवाई पट्टी पर सोमवार को आयोजित झारखंड स्किल कन्क्लेव झ 2024, जॉब आफर लेटर वितरण, रोजगार प्रोत्साहन भत्ता एवं परिवहन भत्ता वितरण समारोह में मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि युवाओं के प्रशिक्षण के लिए राज्य सरकार ने विदेशों की 3 और देश की 3 एजेंसियों से एम ओ यू किया है। युवा अपनी इच्छाशक्ति के आधार पर प्रशिक्षण प्राप्त कर तेज गति से चलें। उन्होने कहा कि श्रम विभाग के जरिये विभिन्न विभागों में रोजगार दिया गया है। अब आपके सामने खुला आकाश है। भीड़ देखकर गदगद हेमंत सोरेन ने पूछा कि सरकार आपके लिए अच्छा काम कर रही है कि नहीं? भीड से हां हां की आवाज आई। तब मुख्यमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि पूरे राज्य में हेलिकॉप्टर घूम रहा है। इसपर ध्यान देने की जरूरत है। मुख्य मंत्री ने समारोह में 32,661 कौशल प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशिक्षण के लिए 12 करोड 72 लाख 33 हजार 340 रुपये की राशि चेक के जरिये प्रदान की।




### मुख्यमंत्री ने फूल बरसाकर किया जनता का अभिनंदन

तय समय से लगभग एक घंटा 45 मिनट विलंब से दो बजकर 45 मिनट पर बलियापुर हवाई पट्टी पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर और फूल बरसाकर जनता का अभिनंदन किया।

### काली कुर्सी पर नहीं बैठे मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बैठने के लिए विशेष काली कुर्सी मंगाई गई थी। मंच पर आते ही वह उसे हटाकर सफेद कुर्सी पर बैठकर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंच से आगे आकर जनता को संबोधित किया।

### 80 माडल स्कूल बनाए जाएंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 7 मिनट के भाषण में कहा कि आनेवाली पीढियों के लिए 80 माडल स्कूल बनाए जाएंगे। इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने वेरोजगार युवाओं को आकर्षित करते हुए कहा कि श्रम विभाग के माध्यम से झारखंड के सभी 24 जिलों में प्रशिक्षण ईकाई बनाई जाएगी।

### खनन क्षेत्र में श्रमिकों के लिए भी सोंचने की जरूरत : पूर्णिमा

झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने आर एस पी कॉलेज के भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। कृषि ऋण को 50 हजार से 2 लाख तक माफी के लिए भी धन्यवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओं की दिशा और दशा बदलने का कदम उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से खनन क्षेत्र में श्रमिकों के लिए भी सोंचने की जरूरत बताई।

### खेल के माध्यम से भी नवाब बना रही है सरकार : इरफान

इसके पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा के लोग 200 लोगों की भीड जुटाकर तालियां बजाकर हल्ला करते हैं। उन्होंने कहा कि पढोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तब भी सरकार खेल के माध्यम से नवाब बना रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में फंसे श्रमिकों को वापस लाने में मुख्यमंत्री ने काम किया था। भाजपा ने अपने शासन काल में पुल-सड़क नहीं बनाकर राज्य की जनता को ठगा था। उन्होंने कहा कि शिक्षा में राजनीति नही होनी चाहिए।

### कार्यक्रम में हुए शामिल

कार्यक्रम में उपरोक्त मंत्रियों व विधायकों के अलावा झामुमो नेता फूलचंद मंडल, बोकारो डीआईजी सुरेंद्र झा, धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दन, झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, रमेश टुडू, धरनीधर मंडल, मुकेश सिंह, देबु महतो, रामू मंडल, अशोक महतो, परशुराम सिंह, फागू प्रमाणिक, बलियापुर प्रखंड उपप्रमुख आशा देवी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष, युवक, युवतियां मौजूद थे।

### 75 फीसदी स्थानीय युवकों को नौकरी देनी होगी : भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 75 फीसदी स्थानीय युवकों को संस्थानों में नियुक्ति देनी होगी। जीवन जीने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रोजगार जरूरी है।

## उपायुक्त-एसएसपी ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर स्थित हवाई पट्टी में सोमवार को आयोजित झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। हैलिपैड पर उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री का कारकेड सभा स्थल की ओर रवाना हुआ। सभा स्थल पर पारंपरिक तरीके से उनका अभिवादन किया गया।



## गोविंदपुर थाना प्रभारी ने किया पंडालों का निरीक्षण

### समितियों को दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रुस्तम अली ने सोमवार को गोविंदपुर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूजा समितियों के पदाधिकारी को सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने आग से बचाव की व्यवस्था करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, बिजली वायरिंग दुरुस्त रखने, मेला और पूजा में दोपहिया वाहनों पर डबल लॉक लगाने, पंडाल में प्रवेश और निकासी के अलग-अलग रास्ता बनाने, महिलाओं की अलग व्यवस्था करने, अग्निशमन यंत्र रखने, विद्युत विभाग से अस्थाई कनेक्शन लेने, पूजा के दौरान अपने वालंटियर को चुस्त दुरुस्त रखने, डीजे नहीं बजाने, माइक में अश्लील गाना न बजाने, रात 10:00 बजे के बाद से और सुबह 6:00 तक माइक बंद रखने तथा भक्ति भाव से पूजा करने की अपील की।



### शांतिपूर्वक मनायें त्योहार : थाना प्रभारी

पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से त्योहार मनाए। पुलिस प्रशासन पूरी तरह जनता के साथ है और पूजा कमेटियों को पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से नियमित और पर्याप्त बिजली तथा जलापूर्ति का निर्देश दिया गया है। दुर्गापूजा पंडालों के आसपास खराब बड़े चापाकलों की भी मरम्मत करा दी जाएगी ।

## युवा कांग्रेस ने चलाया शक्ति सुपर सी एवं इंदिरा फैलोशिप अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तीकरण के तहत शक्ति सुपर सी एवं इंदिरा फेलोशिप अभियान को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज यह पहल महिला नेतृत्व के एक सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक व हिस्सेदारी, कांग्रेस पार्टी की सोच और संकल्प का प्रतीक है।

### शक्ति अभियान से जुड़ें महिलाएं

जमीनी स्तर पर काम करने की चाहत रखने वाली महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और महिला केंद्रित राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया गया। शक्ति अभियान से जुड़कर महिलाएं ब्लॉक स्तर पर सशक्त संगठनों का निर्माण कर रही हैं। उनको सीखने, आगे बढ़ने और बदलाव लाने का अवसर मिल रहा है। सभी महिलाएं इस बदलाव का हिस्सा बनें और इंदिरा फेलोशिप के माध्यम से शक्ति अभियान से जुड़ने के लिए डबल्यूडबल्यूडबल्यू. शक्ति अभियान.इन पर रजिस्टर करें। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर करुण नंदन पासवान, अभिनव तिवारी संगम, प्रदेश महासचिव राजीव रंजन कुमार, शक्ति सुपर सी जिला संयोजक आशा खातून शामिल हुईं।




## चीरागोरा स्थित जागृत मंदिर में भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी

### नौ दिनों तक होगा भगवती का श्रृंगार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** चीरागोरा स्थित जागृत मंदिर में भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष बिल्लू गुप्ता ने बताया कि तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र में मंदिर को रंग बिरंगी लाइट से सजाया जाएगा। नौ दिनों तक लगातार भंडारा का आयोजन किया गया है। आचार्य सुबोध पांडे और सत्यनारायण पांडे के नेतृत्व में दस सदस्यीय ब्राह्मणों की टीम पूजन कार्य सम्पन्न कराएगी। मुख्य यजमान अजय कुमार भट्ट होंगे। महासप्तमी से महानवमी तक संध्या में भजन कीर्तन का आयोजन होगा। आठ अक्टूबर 24 को महिला समीति द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। नवरात्र के प्रथम दिवस से नित्य माता रानी का नए वस्त्र और आभूषण से श्रृंगार किया जाएगा। समिति के सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि जागृत मंदिर में नवरात्र के दौरान मां जगदम्बा की विशेष पूजा होगी। चार प्रहर की आरती होगी। नवरात्र के दौरान मंदिर में बच्चों द्वारा डांडिया का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि महासप्तमी को खीर, महाअष्टमी को हलवा-चना और महानवमी को खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा । मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने बताया कि 15 जुलाई 24 को मंदिर में पांच प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। मंदिर परिसर में मां शीतला के मंदिर का निर्माण किया गया है, जहां रोजाना दर्जनों श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने आम लोगों से अपील की है कि जागृत मंदिर ट्रस्ट में यथा संभव सहयोग करें।



### मौके पर थे मौजूद

मौके संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद (मुनमुन बाबू), अमरेंद्र कुमार सहाय, मनोज मालाकार, विजय तिवारी, अरुण दूबे, आशीष आनंद, कुणाल सिंह, मनोरंजन कुमार दुबे अध्यक्ष, राजेश कुमार सिन्हा सचिव, कुमार अरविन्द कोषाध्यक्ष, रविन्द्र कुमार, प्रशांत सिन्हाउपाध्यक्ष, बिल्लू कुमार गुप्ता, अनुप कुमार सहाय, नितिश कुमार, सह सचिव, राजमनी देवी सह कोषाध्यक्ष एवं आदि मौजूद थे।

## मैथन : विस्थापितों ने चापापुर ओसीपी का उत्पादन किया ठप



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर ओसीपी के विस्थापितों एवं मजदूरों ने झामुमो नेता अरुणव सरकार के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को अनिश्चितकाल के लिए उत्पादन ठप कर दिया। मजदूरों का कहना है कि ओसीपी संचालन करने वाली कंपनी द्वारा मजदूरों को उचित काम का उचित मूल्य नहीं दिया जाता है और साथ ही स्थानीय विस्थापितों की जगह बाहरी मजदूरों को नौकरी पर लगाया जाता है। इसका पुरजोर विरोध करते हैं। जब तक मैनेजमेंट मांगें पूरी नहीं करता है, तब तक अनिश्चितकालीन बंदी जारी रहेगी। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने बताया कि यह लड़ाई मजदूरों और विस्थापितो के हक की है। झामुमो ने हमेशा मजदूर हित के लड़ाई लड़ी है आज भी लड़ेगा। मौके पर मौजूद झामुमो युवा नेता अरुणव सरकार ने बताया कि मैनेजमेंट दूसरे राजनीतिाक दलों के साथ मिलकर झारखंड सरकार नियमों का पालन नहीं कर रहा है। स्थानीय विस्थापितो को अनदेखी कर बाहरी मजदूरों को निजोयन दिया जा रहा है, जिसे झामुमो किसी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध में आज चापापुर ओसीपी का उत्पादन कार्य को अनिश्चित कालीन बंद कर दिया गया और जब तक मैनेजमेंट की ओर से मजदूरों और बिस्थापितों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन के साथ बंदी जारी रहेगी। मौके पर दर्जनों झामुमो नेता कार्यकर्ता एवं मजदूर तथा बिस्थापित मौजूद थे।

**एक नजर में**

### सब जूनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए डीएवी स्कूल डिगवाडीह के दो बच्चे चयनित



**जोड़ापोखर।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 3 से 7 अक्टूबर तक आयोजित 38वीं सब जूनियर हैंडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में धनबाद के डीएवी स्कूल, सीएफआरआई डिगवाडीह के छात्र अभिनव कुमार एवं हर्ष कुमार का चयन हुआ है। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने झारखंड हैंडबॉल संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन बच्चों के चयन से न केवल स्कूल खुशी मना रहा है, बल्कि धनबादवासियों के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने जानकारी दी कि दोनों बच्चे हैंडबॉल के बेहतरीन खिलाड़ी हैं तथा उन्हें उम्मीद है कि झारखंड के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे और विजयी भी होंगे। उन्होंने बच्चों के विकास में हर संभव मदद का वादा किया। डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के खेल प्रशिक्षक संतोष कुमार सिंह का भी चयन झारखंड हैंडबॉल टीम के कोच के रूप में हुआ है।

### मध्य विद्यालय पोटारी प्रबंधन ने की नाली बनाने एवं पेबर ब्लॉक की मांग



**मैथन।** मध्य विद्यालय पोटारी स्कूल प्रबंधन द्वारा नाली निर्माण एवं पेबर ब्लॉक बिछाने के लिए दिये गये आवेदन को उप प्रमुख विनोद कुमार दास ने गंभीरता से लिया है। उप प्रमुख ने स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि नाली का निर्माण एवं पेबर ब्लॉक बिछाने का काम जरूर कराएंगे। पानी निकासी के लिए नाली अति आवश्यक है। उन्होंने गर्मी में विद्यालय के बच्चों की आवश्यकता को देखते हुए एक सिलिंग फैन भी अपने फंड से दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधान विष्णुलाल किस्कू, शिक्षक अरूण कुमार सिंह, माधवी कुमारी, बिंदु कुमारी एवं सीआरपी पंकज कुमार सिंह, राजेश कुमार महामंत्री सहित माता समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### झमाडा के मृत कर्मियों के आश्रितों ने सामूहिक रूप से कराया मुंडन



**धनबाद।** अनुकंपा पर नौकरी कि मांग को लेकर धरना पर बैठे झमाडा के मृत कर्मियों के आश्रितों ने सोमवार को सामूहिक मुंडन कराया। हेमंत है तो दिक्कत है, हेमंत हटाओ, राज्य बचाओ के नारे दिये। धरना पर बैठे मो अजहरूद्दीन ने कहा कि वे लोग झमाडा कार्यालय के समक्ष पिछले 951 दिनों से धरना पर बैठे हैं, लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। इसलिए आज मुंडन करा रहे है। यह सरकार निरंकुश हो चुकी है। धरना के कारण कई साथी बीमार हो चुके हैं। उनकी घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। लेकिन उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। जल्द ही मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री और झमाडा एमडी का सांकेतिक श्राद्ध करेंगे। उसके बाद 10 अक्टूबर को रणधीर वर्मा चौक पर सामूहिक आत्मदाह करेंगे।


# सीसीएल ढोरी में राजभाषा पखवाड़ा का समापन प्रतियोगिता के विजेता को किया गया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/करगली।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र में राजभाषा पखवाड़ा का समापन के अवसर पर प्रतियोगिता में विजेताओं की पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह पखवारा 14 सितंबर से 30 सितंबर तक चलाया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता ढोरी जीएम रंजय कुमार सिन्हा तथा संचालन अमला अधिकारी कार्मिक प्रतुल कुमार कार्मिक प्रबंधक माला कुमारी ने की। काव्य पाठ प्रतियोगिता अधिकारी वर्ग में क्रमबद्ध ज्ञानदीप कुमार, उज्जवल पाठक, संजीव कुमार, कर्मचारी वर्ग में अनूप कुमार नोनिया, अभिषेक कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार ठाकुर, सूरज कुमार सिंह रहे। टंकण प्रतियोगिता में संतोष कुमार मंडल, अरविंद कुमार ठाकुर, अभिषेक कुमार सिन्हा, अनूप कुमार, विशाल कुमार सिंह, निबंध लेखन प्रतियोगिता अधिकारी वर्ग में क्रमबद्ध प्रशांत कुमार, ज्ञानदीप कुमार, प्रशांत, संजीव कुमार, अभिषेक अग्रवाला, कर्मचारी वर्ग में अनूप कुमार नोनिया, राजकिशोर मिश्रा, अरविंद कुमार ठाकुर, राम किशून नायक, आशुतोष कुमार, टिप्पणी लेखन कर्मचारी वर्ग में क्रमबद्ध संतोष कुमार मंडल, अनूप कुमार नोनिया, अरविंद कुमार ठाकुर, राम किशून नायक, आशुतोष कुमार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कर्मचारी वर्ग में क्रमबद्ध लक्ष्मी देवी, राजेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार सिन्हा, अनूप कुमार नोनिया, सूरज कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार मंडल, अरविंद कुमार ठाकुर, सिद्धार्थ, चंद्रकांत प्रसाद, अधिकारी वर्ग में क्रमबद्ध संजीव कुमार, ज्ञानदीप कुमार, अभिषेक अग्रवाला, प्रशांत, आनंद प्रकाश, सतीश कुमार, उज्जवल पाठक, शालिनी यादव, लोकेश कुमार चौधरी तथा सुरेंद्र कुमार, सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र दिया गया, तथा प्रथम स्थान को 5000 रुपए, द्वितीय स्थान को 4000 रुपए, तृतीय स्थान को 3000 रुपए तथा बाकी तमाम लोगों को 800 रुपए उनके अकाउंट में भेजा गया।

# डीपीएस बोकारो की दर्शना को सिंगापुर में मिला दाखिला




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो की छात्रा दर्शना कोपल को सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन में कंप्यूटर साइंस एवं डिजाइनिंग में बीटेक के लिए दाखिला मिल गया है। दर्शना को सिंगापुर की सरकार द्वारा 50 प्रतिशत का ट्यूशन ग्रांट भी बतौर छात्रवृत्ति प्रदान किया गया है। उसकी इस उपलब्धि पर डीपीएस बोकारो परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इसके लिए उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो में छात्र-छात्राओं के समग्र विकास का हरसंभव प्रयास किया जाता है। बोकारो के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ केएसएस राकेश एवं अनुभा श्रीवास्तव की होनहार सुपुत्री दर्शना का एसयूटीडी में चयन सैट और आईईएलटीएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। सैट के तहत गणित में उसे 800 में से 800 अंक मिले जबकि आईईएलटीएस में 7.5 का स्कोर उसने अर्जित किया।

उसे ऑस्ट्रेलिया यूके और सिंगापुर की टॉप यूनिवर्सिटी में भी नामांकन के लिए ऑफर मिला था। दर्शना की दिली ख्वाहिश आगे चलकर हाई परफार्मेंस कंप्यूटिंग या प्रोडक्ट डिजाइन या फिनटेक में आईटी प्रोफेशनल के रूप में ज्वाइन करने की है।

## ऊपरघाट के गोनियाटो में झूमर नृत्य का आयोजन, 100 टीमों ने लिया भाग

# पुरखों का धरोहर बचाना हमारी जिम्मेवारी: लंबोदर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** झारखंड की कला-संस्कृति को जीवित रखने के उदेश्य से टिकैत कुमार महतो तीन दिवसीय फुटबॉल के फाइनल समारोह पर ऊपरघाट स्थित गोनियाटो के गौसाई टोंगरी में वृहद झूमर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, आजसू के डुमरी विस प्रभारी यशोदा देवी, जिप सदस्या खुशबू महतो व मुखिया अमृता मंराडी ने संयूक्त रूप से किया। झूमर नृत्य में बोकारो, गिरीडीह, हजारीबाग, धनबाद व रामगढ़ के विभिन्न गांवों के 100 टोली शामिल हुए। विधायक डॉ लंबोदर ने कहा कि झूमर नृत्य झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा का परिचायक है। हम सभी का दायित्व है कि झूमर के रूप में झारखंड और हमारे पुरखों के इस अनमोल धरोहर एवं विरासत को सहेजने के प्रति सजग रहें। इसे बचाए रखना हमारी कर्तव्य है। झूमर हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसके लिए क्षेत्र में झूमर व का आयोजन एक अंतराल में होना चाहिए। गोनियाटो के ग्रामीण व टिकैत इसके लिए धन्यवाद के पात्र है, जो कि पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद यहां पर भव्य झूमर नृत्य का आयोजन किया गया। यशोदा देवी व खुशबू महतो ने कहा कि झारखंडियों की ताकत उनकी संस्कृति है। आदिवासियों की खासियत है अभाव में खुश रहना। हमें अपनी परंपरा, संस्कृति और सभ्यता को बचाकर रखना है और हमें अपने बच्चों को भी आने वाले समय के तैयार करना है। अमृता मंराडी ने कहा कि गीत और नृत्य में वही संबंध है जो पवन और मेघ में है। इस दौरान झूमर टीमों के द्वारा शिव-पार्वती, राम-लक्ष्मण व दुर्गा मां तथा भारत माता की आर्कषक झांकी निकाली गयी।

# अनाज वितरण में कोई अनियमितता होने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

## बोकारो : चार महीने से नहीं मिल रहा था राशन, विजया जाधव ने दिया एफआइआर का निर्देश

- शिकायत मिलने पर उपायुक्त स्वयं गांव पहुंची और कार्ड धारियों व ग्रामीणों की समस्या सुनी और जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया



जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण करती डीसी विजया जाधव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत सोनाबाद पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित जन वितरण प्रणाली दुकानदार पिछले तीन चार माह से अनाज वितरण नहीं करने की शिकायत मिलने पर उपायुक्त विजया जाधव स्वयं गांव पहुंची और कार्ड धारियों व ग्रामीणों की समस्या सुनी।

डीसी ने जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। अनाज भंडारण की जांच की। भंडारण व वितरण पंजी दुकानदार प्रस्तुत नहीं कर पाया। दुकान में ई पॉश मशीन का पर्ची काफी संख्या में बरामद किया गया और राशन कार्ड भी बरामद हुआ।

अक्टूबर माह का राशन वितरण के लिए दो दिन पूर्व अनाज उपलब्ध कराया गया था जो दुकान में उपलब्ध था। दर्जनों कार्ड धारकों ने जन वितरण प्रणाली दुकान नियमित नहीं खुलने प्रति माह अनाज वितरण नहीं करने अंगूठा लगाकर अनाज नहीं देने अनाज का ई पॉश पर्ची उपलब्ध नहीं कराने आदि शिकायत की। इसके अलावा दुकान के बाहर कार्ड धारकों की सूची नहीं पाई गई और दुकान का रंग गुलाबी नहीं था। इस पर डीसी ने नाराजगी जाहिर करते हुए दुकानदार को फटकार लगाई।

डीसी ने तुरंत बीडीओ व विपणन पदाधिकारी की निगरानी में सभी कार्ड धारकों के बीच राशन का वितरण कराया। उन्होंने उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जविप्र दुकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने उसे निलंबित करने व कार्डधारियों को नजदीकी दुकानदार से टैग करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि पीडीएस दुकानदार अगर अनाज वितरण में किसी भी तरह की कोई अनियमितता या गड़बड़ी करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## पर्व में साफ सफाई को लेकर कथारा महाप्रबंधक को सौपा पत्र



बेरमो /राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार को पत्र सौपने का काम किया। उक्त पत्र में आगामी कुछ दिनों में शुरू होने वाले दुर्गा पूजा, आगामी कुछ महीनो में आने वाले दीपावली, पवित्र पर्व छठ और क्रिसम्स के मद्देनजर क्षेत्र में साफ-सफाई, विधुत की सुदृढ़ व्यवस्था सहित विभिन्न अति आवश्यक चीज को उपलब्ध कराने की मांग किया। महाप्रबंधक कुमार ने अश्वस्त किया कि पर्व के आयोजन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह, क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने महाप्रबंधक कुमार से कहा कि फंड के अड़चन को लेकर पर्व का आयोजन में किसी प्रकार की कमी नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जरूरत महसूस करें फिर श्रमिक प्रतिनिधि सीसीएल के सीएमडी और निदेशक वित्त से बातचीत कर फंड के आवंटन कराने का अनुरोध करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह, सचिव विजय सिंह, कथारा कोलियरी परियोजना के सचिव गणेश राम, सचिव शक्ति सिंह, जारंगडीह कोलियरी के सचिव खगेश्वर रजक, रामराज्य चौहान आदि उपस्थिति थे।

स्पीड न्यूज

## मधुकरपुर मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सचिव बने समरेश

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत मधुकरपुर पंचायत मत्स्य जीवी सहयोग समिति का चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी जयप्रकाश की देखरेख में पंचायत सचिवालय सभागार में हुई जिसमें समरेश कपरदार को सचिव मनोज कुमार नायक को अध्यक्ष तथा सुनीता देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक जमील अहमद पैक्स अध्यक्ष अशोक रजक आदि मौजूद थे।

## कुरपनिया मोड़ मे जलापूर्ति की व्यवस्था का हुआ शिलान्यास



बेरमो। बेरमो पश्चिमी पचायत के कुरपनिया मोड में आनन्द मार्केट के समीप 15 वें वित्त आयोग मद से दीपु आलु दुकान के सामने सिंटेक्स से पेयजल व्यवस्था का निर्माण कार्य का शिलान्यास श्रीमति गिरिजा देवी बेरमो प्रखंड प्रमुख के द्वारा सोमवार को किया गया। मौके पर जिला परिषद ओम प्रकाश सिंह उर्फ टिनू सिंह पंसस दीपक गोप, राखी रवानी, रोमा देवी, अमित, बैजु कुमार, मो. अखतर अन्सारी, अजय हरि आदि मौजूद थे।

## अधिवक्ता के आश्रित को अधिवक्ता संघ ने किया आर्थिक सहायता

बेरमो/तेनुघाट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में विधि व्यवसाय करने वाले तथा अधिवक्ता संघ के सदस्य विकाश चंद्र झा के निधन 23 सितंबर को ईलाज के दौरान हो गया था। उसी को लेकर अधिवक्ता संघ के माहासचिव वकील प्रसाद महतो, अभिषेक कुमार मिश्रा, गिरिवार कुमार महतो, निरंजन महतो, त्रिलोचन सिंह ने मृत्यु लाभ योजना के तहत मृत्युउपरांत उनकी पत्नी सुप्रिया झा को पचास हजार की सहायता राशि अधिवक्ता संघ की ओर से प्रदान की। वहीं महतो ने बताया की तेनुघाट अधिवक्त संघ उनके और उनके परिवार के साथ हमेश सुख दुख में खड़े रहेंगे।

## हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने हत्या के आरोप में इस्लाम अंसारी, समसुद मियां और शकूर मियां को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई । मालूम हो कि गोमिया थाना अंतर्गत लोधी निवासी मो ऐनुल अंसारी ने 20/5/14 को सामुदायिक अस्पताल गोमिया में थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि वह लोधी पंचायत का पंचायत समिति सदस्य है। मंगलवार को जब सूचक का भतीजा शम्मीउलाह को गांव का ही वाहिद अंसारी ने अपने घर के पास पकड़ कर मारपीट कर दिया। इस बारे में जानकारी उसने घर पर आकर बताया। तब सूचक उसे साथ लेकर मो इस्लाम अंसारी को कहने गया कि तुम्हारे साला वाहिद अंसारी ने मेरे भतीजा शम्मीउलाह को मार पीट किया। इस पर इस्लाम अंसारी ने गाली गलौज करते हुए घर से रॉड निकाल कर सूचक के साथ आए भतीजा शमशेर अंसारी को मार दिया इस पर झगड़ा हुआ और समसुद मियां, शकूर मियां और उनके साथ अन्य लोग भी शामिल हो और सभी के पास लाठी, फरसा, लोहे का रॉड और चाकू लेकर आए और वाहिद अंसारी ने अपने हाथ में लिए फरसा से शमशेर अंसारी के सिर पर मारा जिससे वह गिर गया और उसके माथा से खून बहने लगा। जब उसे सूचक और उसके भतीजा हबीबुल्लाह बचाने गए तो सभी मिल सूचक एवं अन्य के साथ भी मारपीट किए। मारपीट में शमशेर अंसारी की मृत्यु हो गई और हबीबुल्लाह जख्मी हो गया।

# रसोइया को काम पर वापस नहीं लिया तो सामूहिक आत्मदाह करेंगे : सुरेशवरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी गोड्डा के निर्णयानुसार मध्य विद्यालय कुर्मीचक के 4 रसोईया एवं संयोजिका को बिना स्पष्टीकरण पुछे जिला शिक्षा अधीक्षक ने बीते दिनों हटा दिया गया था। संघ ने इनके खिलाफ आन्दोलन आमरण अनशन दिनांक 25/07/24 से हटाएं गये रसोईया ने शुरू किया और दिनांक 27/07/24/को अनशनकारी की हालत बिगड़ते हालात में कृषि मंत्री के पहल पर तुरंत डॉक्टर टीम को उपायुक्त ने भेजा परन्तु रसोईया के आक्रोश से वार्ता करने केलिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया धरना स्थल पर पहुंची और संघ के पदाधिकारियों के साथ सकारात्मक वार्ता में स्पष्ट आदेश दिए थे। तीन दिन में सभी हटाई गई रसोईया को वापस ले लिया जाएगा इसके उपरांत सदर अस्पताल में अनशनकारी को भर्ती कराया गया। स्थिति ठीक होने के बाद दिनांक 28/07/24 महागठबंधन के नेता राजेश मंडल, प्रेम नंदन मंडल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव तथा माले नेता अरुण सहाय द्वारा जूस पिला कर अनिश्चितकालीन अनशन को समाप्त करया गया। परन्तु आज तीन महीने बिताने को चला और आज तक स्कूल में वापस नहीं विभाग द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेशवरी देवी ने बताया इस विषय पर झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ ने कल निर्णय लिया और सभी हटाई गई रसोईया ने कहा अब हमलोग जिन्दा रह कर क्या करेंगे उम्र भी नहीं रहा कही कमाने बाला इस उम्र में बेटा पतूहू भी धर से निकल दिया।

हमलोगों के पास मरने के सिवाय कोई चारा नहीं है। जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी ने कहा हम सामुहिक आत्मदाह की सूचना मुख्यमंत्री से लेकर थाना तक प्रेषित कर दी हूं कि 7 अक्टुवर को शाम 4वजे शहीद स्तंभ पर हम सभी हटाई गई रसोईया सामुहिक आत्मदाह करुंगी।

# चिन्मय विद्यालय में किशोरावस्था शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बच्चों को संभालकर उनका भविष्य संवारने में शिक्षकों की काफी अहम और उपयोगी भूमिका होती है। यह कहना है डीपीएस बोकारो की उप प्राचार्या मनीषा शर्मा का।

शर्मा चिन्मय विद्यालय में किशोरावस्था शिक्षा पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बच्चों को गलत आदतों से बचाने के तरीके भी विस्तार से समझाए। कार्यशाला का शुभारंभ चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा वर्कशॉप की मुख्य सूत्रधार डीएवी स्वांग की प्राचार्या डोलन चंपा बनर्जी डीपीएस बोकारो की उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं चिन्मय विद्यालय के उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला की सूत्रधार बनर्जी ने सभी उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आयु ही बच्चे समाज देश एवं परिवार का भविष्य निर्धारित करते हैं।

दोनों ही रिसोर्स पर्सन ने अपने संबोधन से और विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से पूरे कार्यशाला को प्रभावित बनाए रखा और कई ऐसे उदाहरण पेश किए जिसके माध्यम से शिक्षकों में शिक्षा पद्धति के प्रति नई ऊर्जा एवं ज्ञान का संचार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया।

# लिंग भ्रूण जांच कराना कानूनन अपराध है : कल्याणी सागर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** लिंग भ्रूण जांच कराना कानूनन अपराध है इसको लेकर के आम जनमानस में जन जागरूकता की आवश्यकता है। यह बात सहयोगिनी संस्था की सचिव कल्याणी सागर ने मंगलवार को कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत भवन में आयोजित जेंडर आधारित हिंसा के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या रोकने के लिये सरकार ने कानून तो लागू कर दिया है लेकिन इसकी सार्थकता तभी है जब सभी इस जघन्य कृत्य को रोकने के लिए साथ आएं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुसार गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करना या करवाना दोनों दंडनीय अपराध है। प्रशिक्षक प्रकाश कुमार झा ने कहा कि समाज में व्याप्त जेंडर आधारित हिंसा को रोकने के लिए इससे संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जाने की जरूरत है। साथ ही समाज के सभी वर्गों को जेंडर तथा महिला संबंधी अपराध को रोकने के लिए आगे आना होगा। इस दौरान सहयोगिनी द्वारा संचालित किशोरी समूह की 40 किशोरियों को समूह चर्चा ऑडियो वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण गौतम सागर रेखा देवी सुनीता, बबीता, अनिता आदि उपस्थित थी।

## महिला अरोग्य समिति के सदस्य तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति करेंगे जागरूक



**बेरमो।** बोकारो के मलिन बस्ती में महिला आरोग्य समिति द्वारा तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता हेतु चलाया जा रहा है अभियान। सोमवार को महिला आरोग्य समिति के सदस्यों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूता हेतु उनकी मासिक बैठक में जाकर जानकारी दी गई। सभी महिलाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभाव जैसे कैंसर, टीबी, हृदय रोग, फेफडे की बीमारी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला आरोग्य समिति के सदस्यों को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के मुख्य उददेश्यों के बारे मे बताया गया। सभी को जानकारी दी गई कि हमें शहरी क्षेत्र के मलिन बस्ती में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रभाव के प्रति जागरूक करें साथ ही उन्हें तम्बाकू के लत या किसी भी प्रकार के नशा को छोडने हेतु प्रेरित करें यदि कोई छोडना चाहता है तो उन्हें तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल के 13 नं ओपीडी में भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को टेलीफोन के माध्यम से अगर कोई परामर्शी सेवा लेना चाहता है तो उन्हें टाल फ्री नं0 1800-11-2356 पर सम्पर्क करने के लिये प्रेरित करें। बैठक में जिला परामर्शी मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो, सैफुल्लाह अंसारी सीसीपीएम बोकारो, नेहा कुमारी पब्लिक हेल्थ मैनेजर शहरी क्षेत्र बोकारो, आरती कुमारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।


पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :-730(I)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :-25.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-कबरा कला, थाना सं0-266, थाना-हैदरनगर, अंचल-हैदरनगर, जिला-पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-कबरा कला, थाना सं0-266, थाना-हैदरनगर, अंचल-हैदरनगर, जिला-पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **2.6508** एकड़ यानि 1.0727 हेक्टेयर मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

ग्राम-कबरा कला, थाना सं0-266, कुल रकबा-2.6508 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 115 | 1371 | टांड दो | रैयती | 0.0078 | अब्दुल रहीम वो शेख अजीमुद्दीन पिता कुतबदीन, जाति-शेख सदीकी | – | – | – | – |
| 2 | 171 | 1370 | धान दो | रैयती | 0.0471 | हबीबु रहमान वो हमीदु रहमान वो रसीदु रहमान वो अब्दुल रहमान वो मोहम्मद हसन वो अमानुल्लाह पिता शेख मोहम्मद वली, जाति शेख वो नईमा खातुन वगैरह | – | – | – | – |
| 3 | 23 | 1368 | धान दो | रैयती | 0.0292 | खुदेजा बीबी पति हमीदन रहमान, जाति शेख सदीकी वो जावेद अख्तर वगैरह | – | – | – | – |
| 4 | 111 | 1367 | धान दो | रैयती | 0.0428 | अब्दुल रउफ पिता अजमेरूदीन वो एहसान अख्तर पिता साईमुद्दीन वो मुस्मात सकील खातुन पति साईमुद्दीन, जाति-शेख सदीकी | – | – | – | – |
| 5 | 121 | 1366 | धान दो | रैयती | 0.0304 | रामकृत साह वो रामलखन साह वो द्वारिका साह पिता विगु साह वो रामवृक्ष साह वो गोपाल साह वो मुन्दिका साह वो अमिरिका साह पिता वासदेव साव, जाति-तेली वो दीपक कुमार वगैरह | – | – | – | – |
| 6 | 73 | 1346 | धान दो | रैयती | 0.0019 | मोहम्मद नसीबुद्दीन वो मोहम्मद साइमुदीन पिता शेख अजमेरूदीन, जाति-शेख सदीकी अशोक कुमार सिंह वो अनुज कुमार सिंह वगैरह | – | – | – | – |
| 7 | 171 | 1347 | धान दो | रैयती | 0.0274 | हबीबु रहमान वो हमीदु रहमान वो रसीदु रहमान वो अब्दुल रहमान वो मोहम्मद हसन वो अमानुल्लाह पिता शेख मोहम्मद वलि, जाति-शेख | – | – | – | – |
| 8 | 171 | 1343 | धान दो | रैयती | 0.1052 | तदैव | – | – | – | – |
| 9 | 66 | 1341 | धान दो | रैयती | 0.0982 | देवकी साह पिता सहदेव साह, जाति-बनीया वो खुर्शीद अहमद वो शेख नजमुदीन वो शेख क्यामुदीन वगैरह | – | – | – | – |
| 10 | 44 | 1340 | धान दो | रैयती | 0.0579 | जलालुदीन अंसारी पिता कबीरूदीन अंसारी, जाति-अंसारी जुलेखा खातुन पति अब्दुल मतीन वगैरह | – | – | – | – |
| 11 | 142 | 1339 | धान दो | रैयती | 0.122 | रामसागर पाल वो रघुनाथ पाल पिता शिवदाहिन पाल, जाति-गड़ेरी | – | – | – | – |
| 12 | 90 | 1338 | धान दो | रैयती | 0.0521 | विगु साह वो वासदेव साह पिता हजारी साह, जाति-तेली | – | – | – | – |
| 13 | 159 | 1337 | धान दो | रैयती | 0.0347 | शेख सलाहुदीन वो शेख अलाउदीन वो शेख कमालउदीन पति शेख मौलवी मनजर, जाति-शेख सदीकी वो माना देवी वो फूलमति देवी वगैरह | – | – | – | – |
| 14 | 48 | 1336 | धान दो | रैयती | 0.0547 | मोहम्मद जहीरून निशा बीबी पति सैयद आले मुस्तफा, जाति-शेख सदीकी वो खुर्शीद अहमद वो शेख नेजामुदीन वो शेख क्यामुदीन वगैरह | – | – | – | – |
| 15 | 142 | 1335 | धान दो | रैयती | 0.0498 | रामसागर पाल वो रघुनाथ पाल पिता शिवदाहिन पाल, जाति-गड़ेरी | – | – | – | – |
| 16 | 90 | 1334 | धान दो | रैयती | 0.0526 | विगु साह वो वासदेव साह पिता हजारी साह, जाति-तेली | – | – | – | – |
| 17 | 12 | 1320 | धान दो | रैयती | 0.4568 | शेख एकरामुदीन वो शेख नेजामुदीन वो शेख क्यामुदीन पिता शेख सेराजुदीन चौखन वो जहीरून निशा बीबी पति आलीम मुजतवा बहादुर वो मोस्मात आसफिया खातुन पति शेख मोहम्मद नुमान उर्फ जुदड वो जमीलुन निशा बीबी पति शेख सेराजुदीन, जाति-शेख सदीकी वो खुर्शीद अहमद वो शेख नेजामुदीन वो शेख क्यामुदीन वो नईमा खातुन वगैरह | – | – | – | – |
| 18 | 171 | 1289 | धान दो | रैयती | 0.0982 | हबीबु रहमान वो हमीदु रहमान वो रसीदु रहमान वो अब्दुल रहमान वो मोहम्मद हसन वो अमानुल्लाह पिता शेख मोहम्मद वलि, जाति-शेख | – | – | – | – |
| 19 | 12 | 1295 | धान दो | रैयती | 0.172 | शेख एकरामुदीन वो शेख नेजामुदीन वो शेख क्यामुदीन पिता शेख सेराजुदीन चौखन वो जहीरून निशा बीबी पति आलीम मुजतवा बहादुर वो मोस्मात आसफिया खातुन पति शेख मोहम्मद नुमान उर्फ जुदड वो जमीलुन निशा बीबी पति शेख सेराजुदीन, जाति-शेख सदीकी वो सोएबा खातुन वो शहनाज बेगम वो नुरी प्रवीण एवं प्रसिद्ध नारायण सिंह | – | – | – | – |
| 20 | 13 | 1296 | धान दो | रैयती | 0.1098 | केदारनाथ सिंह वो बाल मुकुन्द सिंह पिता धुरा सिंह, जाति-राजपूत | – | – | – | – |
| 21 | 13 | 1297 | धान दो | रैयती | 0.0132 | केदारनाथ सिंह वो बाल मुकुन्द सिंह पिता धुरा सिंह, जाति-राजपूत | – | – | – | – |
| 22 | 167 | 1302 | धान दो | रैयती | 0.0876 | सुलतान शेख पिता नाजीर शेख, जाति-शेख सदीकी | – | – | – | – |
| 23 | 168 | 1304 | धान दो | रैयती | 0.2661 | सुरेश चौधरी पिता सुधी चौधरी, जाति-कुरमी | – | – | – | – |
| 24 | 178 | 1369 | बांध | गै0मा0 | 0.2094 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | – | – | – | – |
| 25 | 178 | 1365 | बांध | गै0मा0 | 0.0195 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | – | – | – | – |
| 26 | 178 | 1345 | बांध | गै0मा0 | 0.1387 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | – | – | – | – |
| 27 | 178 | 1288 | धान दो | गै0मा0 | 0.1967 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | – | – | – | – |
| 28 | 178 | 1219 | धान दो | गै0मा0 | 0.069 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | – | – | – | – |
| | | | | कुल :- | 2.6508 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 337456 Palamu(24-25)D

# केंद्र की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ धकोकसं का प्रदर्शन

**कोयला सचिव के नाम बीसीसीएल सीएमडी को सौंपा 24 सूत्री मांग पत्र**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धरना-प्रदर्शन में ये लोग थे शामिल**

धरना-प्रदर्शन में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की ओर से अयोध्या मिश्रा, कार्यसमिति सदस्य प्रेमशंकर मंडल, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य माधव सिंह, सुशील कुमार सिह,ओम कुमार सिंह,रमेश कुमार चौबे, भामसंघ धनबाद जिला अध्यक्ष सुनील उराँव, जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी, सीएमपीएफ महामंत्री सीवी प्रसाद, मुबारक हुसैन, प्रभात रंजन आदि उपस्थित थे।

**धनबाद।** भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर केन्द्र सरकार एवं कोल इण्डिया की मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में सोमवार को बीसीसीएल मुख्यालय के समक्ष धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने जोरदार धरना, प्रदर्शन किया। कोयला सचिव एवं कोयला भविष्यनिधि के आयुक्त के नाम सीएमडी समीरन दत्ता को 24 सूत्री ज्ञापन दिया गया। संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती ने कहा कि कोल इंण्डिया का राष्ट्रीयकरण इस लिए किया गया था कि कोयला में कार्यरत मजदूर एवं उनके परिवार सुरक्षित रह सकें। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। आज बीसीसीएल में कार्यरत असंगठित श्रमिकों एवं ठेका वाहन चालकों को कार्य कराकर एचपीसी में वेतन भुगतान नही करना, 8 के बदले 12 से 24 घंटे कार्य लेना, सीएमपीएफ एवं पेंशन की सामाजिक सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है, जिसका भामसं विरोध करता है। यदि केन्द्र सरकार एवं कोल इण्डिया श्रमिक विरोधी नीतियों को वापस नही लेती है तो भारतीय मजदूर संघ सीधी कार्रवाई के लिए वाध्य होगा। संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार देश के कोयला मजदूरों के अस्तित्व को समाप्त कर देना चाह रही है, जिसे भारतीय मजदूर संघ ऐसा कभी नही होने देगा। हमलोग मौखिक चर्चा, पत्राचार एवं आंदोलन के माध्यम से सरकार एवं कोल इण्डिया प्रबंधन का कई बार ध्यानाकर्षण करा चुके हैं। इसके बाद भी प्रबंधन टालमटोल की नीति अपना रहा है। फलस्वरूप कोल कामगारों में प्रबंधन के प्रति काफी रोष व्याप्त है। कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा भी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### दरिदा में मुर्गी फार्म से फैली गंदगी पर ग्रामीणों का विरोध

**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के दरिदा में संचालित मुर्गी फार्म से फैल रही दुर्गंध से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों का कहना था कि गंदगी से फैल रही दुर्गंध को रोकने के लिए संचालक द्वारा ठोस पहल नहीं की जाती है। दुर्गंध और मक्खी से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। ग्रामीणों का कहना था कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को विवश होंगे।

### बैजनाथ हत्याकांड में सुदामा दोषी करार

**धनबाद।** रांगामाटी निवासी बैजनाथ प्रसाद की हत्या के मामले में आज धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस कुमार सिन्हा की अदालत ने नामजद आरोपी बलियापुर निवासी सुदामा चौधरी को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए पांच अक्टूबर की तारीख तय की है। बैजनाथ की हत्या 5 नवंबर 2021को दिन के साढे बारह बजे चाकू मारकर व गला दबाकर कर दी गई थी। प्राथमिकी उसके पुत्र संतोष कुमार की शिकायत पर बलियापुर थाने में दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पांच नवंबर 21 को दिन के साढे बारह बजे बैजनाथ ने सुदामा को शराब लाने के लिए बोला। इस कारण दोनों मे झगड़ा हुआ। तभी सुदामा ने उसे धक्का देकर चौकी पर गिरा दिया और गमछे से उसका गला दबा दिया। फिर चाकू से उसपर हमला कर दिया और भाग गया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 13 जनवरी 22 को सुदामा के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। चार मई 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सहायक लोक अभियोजक सोनी कुमारी ने दस गवाहों का परीक्षण कराया था।

### असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ ने लगवाया स्वास्थ्य जांच शिविर




**धनबाद।** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने सोमवार को श्यामडीह बस्ती में धनबाद फर्स्ट लक्ष्य के तहत असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की पहचान में मदद करना है। हरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा स्वास्थ्य हर व्यक्ति का अधिकार है और हम चाहते हैं कि हमारे समुदाय के लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों। यह शिविर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और कैंसर स्क्रीनिंग, रक्तचाप, ऑक्सीजन संतृप्ति, वजन, तापमान की जांच कराई।

## कोयला में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट

**एक का रिम्स में चल रहा है इलाज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया के राजा कोलियरी के बंद पड़े ओसीपी में अवैध खनन को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट रविवार को हुई है। हालांकि निरसा पुलिस इनकार कर रही है। बताया जाता है कि एक गुट का एक युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसका इलाज रांची रिम्स ने चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बतायी गयीं है। बताया जाता है कि रोजाना की तरह रविवार को बंद ओसीपी में कई गुट में बंटे कोयला चोरों द्वारा कोयला कटिंग किया जा रहा था। कोयला कटिंग में वर्चस्व को लेकर दो गुट के लोग आपस में भिड़ गये। दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई, जिसमें मातादी कॉलोनी का रामप्रवेश महतो बुरी तरह घायल हो गया।

आनन फानन उसे पीएमसीएच भेजा गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रिम्स, रांची रेफर कर दिया है। उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल वह रिम्स में आईसीयू में भर्ती है। मारपीट का आरोप पिकअप वैन से कोयला ढुलाई करने वाले सुनील वर्मा, भीम साहब व कन्हाई यादव पर लगा है। हालांकि इस संबंध में किसी भी तरफ से थाने में शिकायत नही की गयी है। बताया जाता है कि अवैध खनन में व्यवाधान न हो इसको लेकर तीसरा गुट दोनों गुटों के बीच समझौता कराने में जुटा हुआ है।

## आईआईटी-आईएसएम में छात्र के दाखिले के लिए सुप्रीम कोर्ट ने किया विशेषाधिकार का इस्तेमाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी-आईएसएम में एक स्टूडेंट को दाखिला दिलाने को लेकर अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला लेते हुए आईएसएम को निर्देश दिया है कि वह 18 वर्षीय अतुल कुमार को कॉलेज में दाखिला दें। कोर्ट ने कहा कि उसके लिए एक अलग सीट बढ़ाई जाए ताकि किसी दूसरे स्टूडेंट के एडमिशन में कोई समस्या नहीं आए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम ऐसे प्रतिभाशाली लड़के को जाने नहीं दे सकते। ज्ञात हो कि स्टूडेंट उत्तर प्रदेश के एक दिहाड़ी मजदूर का बेटा है। स्टूडेंट ने 24 जून की शाम को 4.45 बजे तक गांव वालों से करीब 17,500 रुपये इकट्ठा कर लिए थे, लेकिन शाम को 5 बजे तक ही फीस भरने की डेडलाइन थी। वह ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर पाया। तीन महीने तक पिता एससी-एसटी आयोग, फिर झारखंड और मद्रास हाईकोर्ट के चक्कर काटते रहे। आखिर में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उन्हें राहत मिली है।

## ब्लॉक दो में राजभाषा पखवाड़ा: बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल की अनुषंगी इकाई ब्लॉक दो क्षेत्र में विगत एक पखवारा से मनाया जा रहा राजभाषा पखवाड़ा का समापन सोमवार को हो गया। हरिना कॉलोनी स्थित सुभाष भवन में आयोजित समारोह में अपने कार्य में हिन्दी के अधिक उपयोग पर जोर दिया गया। पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। अध्यक्षता महाप्रबंधक अनूप कुमार राय ने की। अवर महाप्रबंधक कुमार रंजीव, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन, राकेश कुमार सिन्हा, पीओ टी एस चौहान, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन प्रवीण कुमार झा, डॉ अनामिका कुमारी, डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य एवं नेहरू बालिका उच्च विद्यालय की शिक्षिकाएं तथा स्कूली बच्चे मौजूद थे। महाप्रबंधक ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा इस तरह की प्रतियोगिताओं में और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का संचालन क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अनिल कुमार ने किया।

## एमपीएल प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ यूनियन अब करेगा आर-पार की लड़ाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**बैठक में ये लोग थे मौजूद**

बैठक में यूनियन के संयुक्त सचिव केशव तिवारी, मनोज मंडल, कोषाध्यक्ष चंदन मंडल, संगठन सचिव प्रभु सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष शमीम अथर, तुलसी तिवारी, उपाध्यक्ष वंकीम दास, सह संगठन सचिव आनंद महतो, मुन्ना यादव, विकास सिंह, तारक तिवारी, शंभू सिंह, राजेश तिवारी आदि मौजूद थे।

**मैथन।** एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक सोमवार को निरसा गुरुदास भवन पार्टी कार्यालय में महेश मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि विगत 29 जुलाई को पांच सूत्री मांग पत्र एमपीएल प्रबंधक को दिया गया था। परंतु उस पर कोई सकारात्मक विचार नहीं किया गया। मांग पत्र में दुगार्पूजा में बोनस 8.33 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने तथा 21 हजार रुपये से अधिक वेतनमान वाले कामगारों का जिनका इएसआई नहीं है, उसे स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने, सभी कामगारों को प्रमोशन आदि की मांगें शमिल हैं। दो माह होने को हैं, परंतु मांग पत्र पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। इस रवैये से यूनियन से जुड़े कामगारों मेंआक्रोश व्याप्त है। यूनियन के सचिव महेश मंडल ने कहा कि एमपीएल प्रबंधन ने वादा खिलाफी की है। पिछले वर्ष एमपीएल प्रबंधन ने 8.33 प्रतिशत बोनस के अलावा 5 हजार रुपये का गिफ्ट दिया था और कहा था कि अगले वर्ष 3 महीना पहले बैठक कर तय कर लेंगे और गिफ्ट के बदले बोनस बढ़ाकर नगद राशि दी जाएगी। परंतु इस वर्ष कई बैठकों के बावजूद प्रबंधन न तो बोनस 8.33 प्रतिशत से बढ़ाकर नगद राशि और न ही गिफ्ट देने को तैयार है। एमपीएल प्रबंधन के इस तानाशाही के विरोध में अब कामगार यूनियन आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। अब अनिश्चितकालीन उग्र आंदोलन के सिवा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

## शारीरिक शोषण के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र जेलगोड़ा की कक्षा नौ की छात्रा के साथ डरा-धमकाकर दो वर्षों से शारीरिक शोषण करने का फरार आरोपी रियाजुद्दीन के घर बड़कीतांड पर पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया है। इस मामले में जोड़ापोखर थाना में कांड संख्या 249/21 दर्ज किया है। भादवि की धारा 376/447/506 पॉक्सो एक्ट लगा है। घटना 28 दिसम्बर 2021 की है। छात्रा के पिता ने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत की थी। शिकायत में कहा है कि जामाडोबा का रियाजुद्दीन नामक युवक उसकी पुत्री का पिछले दो वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा है। मुंह खोलने पर जान मारने की धमकी देता है। साथ ही युवक ने कई बार तेजाब फेंककर शरीर जला देने की भी धमकी दी थी ।



युवक की धमकी और समाज के लोक लाज के कारण पुत्री अब तक चुप रहती थी। लेकिन जब दर्द असहनीय हो गया तोा पुत्री ने घर के लोगों को जानकारी दी। पिता ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई थी। इसके बाद जोड़ापोखर थाना के तत्कालीन प्रभारी राजदेव सिंह ने कांड संख्या 249/21 में पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया है। छात्रा को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया गया था । थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर पर ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया गया है।

## एक नजर में

### नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा करने का निर्णय, कमेटी बनी




**गोविंदपुर।** आकाशगंगा कॉलोनी लाल बंगला स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में इस वर्ष से दुगार्पूजा आयोजित करने का निर्णय रविवार को नागरिकों की बैठक में लिया गया। दुगार्पूजा एवं छठ पूजा आयोजन के लिए समिति गठित की गई। इसमें डीएन सिंह, सुबोध कुमार ठाकुर, हरिशंकर सिंह, शिवपूजन सिंह, तारकेश्वर झा, रंजय सिंह, कुंदन वर्मा, अवनीकांत झा, संजीव सिंह, रामतवक्या पांडेय, मधुसूदन दे, शंकर प्रसाद हलदार एवं योगेश तिवारी संरक्षक, राजेश अग्रवाल अध्यक्ष, रामप्रसाद कुम्हार, संजय सिंह एवं एमएल श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, सुभाष गिरि, सचिव किशोर राय उपसचिव, रंजीत पांडेय, राजकुमार शुक्ला एवं प्रदीप राय सह सचिव, मनोज ठाकुर कोषाध्यक्ष, अनूप कुमार सिंह एवं मनोज तिवारी सह कोषाध्यक्ष, मिथिलेश पांडेय मुख्य पुरोहित तथा मनीष पांडेय, संतोष सिंह, खगेन गोप, पिंकू सिंह, आलोक साव, अमर कुमार, गणेश गुप्ता, विकाश गुप्ता, बुधू कुम्हार एवं शरद कुम्हार कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए । पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

### पुटकी पहुंची चलंत लोक अदालत, दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**धनबाद ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार 30 सितंबर को चलंत लोक अदालत पुटकी स्थित पंचायत सचिवालय समसिकरा पहुंची। मौके पर दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन , लेबर कार्ड आदि का वितरण किया गया। जमीन के दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया । मौके पर समस्याओं का समाधान किया गया। एलएडीसीएस के सहायक कांउसिल नीरज गोयल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि उपेक्षित वर्ग तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रहा है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है। उनके घर पर जाकर समस्याओं को सुन रही है मौके पर समाधान का प्रयास कर रही है।

### कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईएसएफ ने किया मॉक ड्रिल



**मैथन।** कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए ईसीएल की शीतलपुर, मुगमा व बैजना यूनिट के सीआईएसएफ और ईसीएल सुरक्षाकर्मियों द्वारा सोमवार को कापासारा कोलियरी परिसर में मॉक ड्रिल किया गया। शीतलपुर सीआईएसएफ के अधिकारी पीएस पात्रा ने बताया कि सीआईएसएफ की टीम जहां भी कोयला चोरी की रोकथाम के लिए जाती है, वहां पर कोयला चोरों और ग्रामीणों द्वारा पत्थरबाजी की जाती है। सीआईएसएफ जवान घायल भी हो जाते हैं। अभी खदान में मॉक ड्रिल किया जा रहा है। जवान अपनी सुरक्षा करते हुए कोयला चोरों को कैसे गिरफ्त में लेंगे, पत्थरबाजों को कैसे काबू में लाएंगे, इसकी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में एंबुलेंस भी मौजूद है। एम्बुलेंस का उपयोग तब करते हैं, जब जवान घायल होते हैं। मॉक ड्रिल में दिकाया जाता है कि कि घायल को एम्बुलेंस के जरिए कैसे अस्पताल पहुंचाया जाता है।

### डिक्री धारक ने दी डीसी और एलआरडीसी का वेतन रोकने की अर्जी

**धनबाद।** अदालती आदेश के बाद भी डिक्री धारक उमाशंकर सिंह एवं अन्य को 55,77,669.35 रुपये का मुआवजा भुगतान नहीं किए जाने के कारण उन्होंने धनबाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में आवेदन दायर कर उपायुक्त धनबाद एवं एलआरडीसी धनबाद का वेतन रोकने की प्रार्थना की है । अदालत ने सुनवाई की तारीख तय की है। यह जानकारी देते हुए डिक्री धारक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय ने भी डिक्री धारकों के पक्ष में मुआवजे की राशि भुगतान करने का आदेश दिया।

## गुरु नानक कॉलेज में मना हिन्दी दिवस कविता-भजनों की प्रस्तुति



**धनबाद।** गुरु नानक महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा भुदा परिसर के एसजे एस ग्रेवाल प्रेक्षागृह में सोमवार को हिंदी-दिवस मनाया गया। केंद्र बिंदु बोलियों का उत्सव था। हिन्दी उत्सव में मैथिली,ब्रज,भोजपुरी,नागपुरी,खड़ी बोली की कविताओं की लयात्मक प्रस्तुति हुई। हिन्दी की सहायक बोलियों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। आरंभ में रितेश ने आज के हिन्दी की भूमिका पर सारगर्भित प्रकाश डाला। हिन्दी की आत्मवेदना' नुक्कड़ नाटक व नागपुरी नृत्य ने सबका मन मोह लिया। रिया ने मैथिली लोकगीत, दिव्या ने रश्मिरथी के तृतीय सर्ग, मुस्कान ने दिनकर व सूर की कविता तथा रिया एवं अंजली ने मीरा के भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भूदा परिसर प्रो. अमरजीत सिंह ने आशीर्वचन स्वरूप हिन्दी की महत्ता एवं गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो डॉ संजय प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि रोजगारपरक हिन्दी के अवसर को धरातल पर उतारने की दिशा में सेमिनार के जरिये विद्यार्थियों में जागरुकता लाने की आवश्यकता है।

## बच्चों के नन्हे हांथों में दिखा हुनर

**डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल मेसरा में कार्यक्रम**

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** स्कूली बच्चों की ज्ञानवर्धन के लिए शनिवार को डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल मेसरा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच नृत्य गीत के साथ षिक्षाप्रद कई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्कूली बच्चों ने सांस्कृकि कार्यक्रम प्रस्तुति के अलवे छोटे बच्चों ने अपने नन्हे हांथों से अपनी जिज्ञासाओं को कागज में उकेरा, वहीं कई बच्चे कागज के पन्नों से छतरी, नाव, फुल व जहाज बना अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया। वहीं उपस्थित लोगों द्वारा बच्चों की प्रतिभा की ताली बजा कर सरहाना की गई। मौके विद्यालय की प्राचार्य डा. प्रभा रानी ने बच्चों के ज्ञानवर्धन कार्यक्रम आयोजन का उदेष्य के संबंध में बताया और कहा स्कूली षिक्षा के दौरान ही बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ उनके कौषल प्रतिभा को भी सामने लाने का प्रयास होना चााहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा के साथ उनके कार्य करने की छमता व समझा व जाना जा सकता है। उन्होने कहा आज के समय में छात्र-छात्राओं का रोजगार परत षिक्षा देना जरूरी हो गई है। इसके लिए बच्चों का कौषल का आकलन कर उसे उसी रूप में ढालने का प्रयास होना चहिए। बताया कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अपनी संस्कृति, राष्ट्रीयता व देषभक्ति का भी महत्व बताया गया। कहा दो अक्टूबर को भी विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को देष के माहापुरूषों की जानाकी दी जाएगी। कार्यक्रम में अनिता कुमारी, ज्योति देवी, ललिता कुमारी, मधु कुमारी, अंजु देवी, विद्यालय के षिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक सहित कई लोग उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सात योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

## 12 करोड़ 34 लाख की लागत से कई पुल-पुलियो एंव सडको का होगा कायाकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में 12 करोड़ 34 लाख 88 राशि लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इधर प्रखंड क्षेत्र के खरसोता पंचायत स्थित बुढ़ीखांड गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्य सड़क पुल से पीरवट होते हुए बभनी गांव तक 5 करोड़ 70 लाख 66 की लागत से बोलने वाले लगभग 5 किलोमीटर पथ का शीलान्यास किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत बोदरा गांव के टड़हे रोड में गोपालपुर धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास, करूई गांव में मां कामाख्या धाम मंदिर का चाहरदीवारी निर्माण का उद्घाटन किया। वही ग्रामीण कार्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुद्दधीकरण का योजना अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के पूरहे गांव से बलीगढ़ होते हुए हथिया चट्टान तक 3 करोड़ 26 लाख 25 हजार की लागत से लगभग 4:30 किलोमीटर पथ का शिलान्यास, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत करूई गांव के कोईबार में कसेया नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास तथा जाहरसराय गांव में मुख्य पथ से सुइयां टांड़ तक 3 करोड़ 37 लाख 97 हजार की लागत से ढाई किलोमीटर लंबाई तक बनने वाले पथ निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के उपलब्धियां गिनाई।


शिलान्यास करते विधायक।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही भदई मेंढक की तरह पूरे विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी पनप गए हैं। आप लोगों को उनके झांसे में आने की जरूरत नहीं है। कहां कि मैंने पिछले 10 वर्षों में पूरे विधानसभा क्षेत्र में समुचित विकास का कार्य किया हूं। इसकी मजदूरी मुझे वोट के रूप में मिलनी चाहिए। आप सबों से मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है की जिस प्रकार आप लोगों ने पिछली बार मुझे अपार मतों से विजयि बनाया था, इस बार भी उससे भी ज्यादा मतों से विजई बनाएंगे। उसके बाद शेष बचे विकास कार्य धरातल पर लाने की मैं आप सबों से वादा करता हूं। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, मुखिया प्रतिनिधि कृपाल सिंह, इंदल सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### विधायक और चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश बावजूद ड्यूटी नहीं कर रही हैं एएनएम

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती गांव में एक सप्ताह पूर्व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन विधायक भानु प्रताप शाही और चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश सिंह की उपस्थिति में किया गया था। जहां सीएचओ भावेश कुमार एवं एएनएम बबीता कुमारी को पद स्थापित कर उद्घाटन के दूसरे दिन से ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने को कहा गया था। परंतु एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद एएनएम बबीता कुमारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रति में अपना योगदान नहीं दिया। जिसके कारण आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत क्षेत्र के लोगों को उक्त अस्पताल से स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। एएनएम के नहीं बैठने के कारण प्रसव के लिए प्रसूता को दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। इस स्थिति से तंग होकर ग्रामीणों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह को आवेदन देकर एएनएम बबीता कुमारी के अनुपस्थित रहने की शिकायत की है। तथा उनका योगदान जल्द से जल्द आरोग्य मंदिर में करने की आग्रह किया है। डॉ दिनेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि जिला चिकित्सा पदाधिकारी के यहां से चिट्ठी नहीं बन पाई है। जैसे ही चिट्ठी आ जाएगी वैसे ही पदस्थापन कर दिया जाएगा। इधर एएनएम बबिता कुमारी का कहना है कि मुझे उद्घाटन के दिन मौखिक ड्यूटी करने के लिए बोला गया था, कोई लिखित सूचना नहीं मिला है। इसलिए मैं वहां ड्यूटी नहीं कर सकती। आवेदन में शंभू यादव, बिगन सिंह, गौतम सिंह, विमलेश यादव, मुखलाल सिंह, आनंद कुमार रजक, सत्येंद्र चैधरी, सिद्धेश्वर चैधरी, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, कमलेश कुमार रजक, प्रमुख कुमार रजक, सोनु कुमार चैरसिया, निरंजन सिंह, नंदलाल राम, नागवंश गुप्ता, बृजेश लाल जायसवाल, रामकुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण का हस्ताक्षर शामिल है।

### आदेश के बावजूद सीएचसी के सामने संचालित हो रहा है मेडिकल और पैथोलॉजी जांच घर



**भवनाथपुर।** स्थानीय स्वास्थ्य प्रशासन ने सीएचसी के सामने संचालित आधा दर्जन से अधिक मेडिकल दुकान और पैथोलॉजी जांच घरों में छापेमारी अभियान चलाकर बगैर कागजात और रजिस्ट्रेशन के चला रहे संचालकों को दुकानों को बंद करने का आदेश दिया था। लेकिन कुछ ही घंटे बाद ही अवैध मेडिकल और पैथोलॉजी जांच घर खुल गए। जिससे क्षेत्र के लोगों ने मेडिकल और पैथोलॉजी जांच घरों के संचालकों और स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। बतातें चलें कि सीएस डॉ अशोक कुमार के आदेश के आलोक में सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बीते 10 सितंबर को सीएचसी अस्पताल के सामने संचालित हो रहे आधा दर्जन से अधिक मेडिकल दुकान और पैथोलॉजी जांच घरों की जांच की थी। जिसमें कई दुकानदारों ने दुकान संचालन का कोई कागजात और रजिस्ट्रेशन नहीं होने की बात कही थी। जबकि कई दुकानदारों ने अपने अपने दुकानों को धड़ाधड़ सटर गिराकर फरार हो गए थे। जिसके बाद प्रभारी ने मेडिकल और पैथोलॉजी संचालकों को बगैर कागजात और रजिस्ट्रेशन कराए दुकान बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन आदेश के कुछ ही घंटे के बाद दुकानदारों ने दुकान खोल दिए। जिस पर दोबारा से प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल का गार्ड को भेजकर खुली दुकानों को बंद करवाया था। इतना सब होने के बाद भी अवैध रूप से संचालित कर रहे मेडिकल और पैथोलॉजी संचालक पर कोई असर नहीं हुआ और दुकान पूर्व की तरह खोल रहें हैं।

### एंटी क्राइम के तहत चला वाहन जांच अभियान

**भवनाथपुर।** खरौंधी मोड़ पर सोमवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एसआई प्रदीप उरांव ने पुलिस बल के साथ वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया मोटरसाइकिल एवं चारपहिया वाहन की जांच किया। पुलिस ने रोक कर डिक्की एवं हेलमेट चेकिंग किया। जिसके पास हेलमेट नहीं था, उसे हेलमेट लगाकर चलने का मोटरसाइकिल चालकों को निर्देश दिया गया।

### बिहार में बाढ़ से बचाव के लिए कोसी नदी पर नया बराज बनाने की जरूरत : सम्राट

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कहा कि प्रदेश में बाढ़ से बचाव के भारतीय क्षेत्र में कोसी नदी पर नया बराज बनाने की जरूरत है। श्री चौधरी ने सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से भेंट कर उनसे आग्रह किया कि कोसी नदी पर भारतीय क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले बराज के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की जाय। उन्होंने बताया कि कोसी की बाढ से लोगों की रक्षा के लिए नेपाली क्षेत्र में जो बांध वर्ष 1962 में बना और चालू हुआ था, वह आज 62 साल पुराना हो चुका है जबकि इसकी आयु मात्र 25 वर्ष बतायी गई थी। इसलिए, भी नए बराज की जरूरत है और वह भी भारतीय सीमा के भीतर।

### गोलीबारी के मामले में महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में करीब दो सप्ताह पूर्व हुए गोलीबारी के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 19 सितंबर को जिले के जदिया थाना क्षेत्र निवासी ललन साह अपने पिता एवं चाचा के साथ अपने घर जा रहे थे तभी थुमहा गांव के निकट पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने गोलीबारी की थी। हमले में सभी लोग घायल हो गए थे। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस लगातार जांच कर रही थी। इसी क्रम में मिले साक्ष्यों के आधार पर अपराधी मोहम्मद नौशाद को गिरफ्तार किया गया। बाद में नौशाद की निशानदेही पर मोहम्मद शाबिर और महिला पूनम देवी को गिरफ्तार किया गया।

### नशीला पदार्थ बनाने में उपयोग होने वाला रसायनिक पदार्थ बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बनाने में उपयोग होने वाले रसायनिक पदार्थ को बरामद किया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने सोमवार को यहां बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि शाहपुर पहलेजा दियारा में गणेश राय के द्वारा केटामाइन नामक रसायनिक पदार्थ को नशा पदार्थ बनाने में उपयोग करने के लिए लाया गया है। इस सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने उक्त स्थान पर पहुंच कर छापामारी कर केटामाइन नामक रसायनिक पदार्थ के 10,800 शीशी जिसका कुल वजन 2.70 किलो ग्राम के बड़े जखीरे एवं एक स्कार्पियों को जप्त किया गया।

### राजस्थान से गया जा रही बस सासाराम में दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत, कई घायल



**पटना।** पिंडदान कराने के लिए राजस्थान से गया जा रही बस सासाराम में सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि कई घायल हैं। बस में सवार लोग राजस्थान के जलावर जिला के कोटरा गांव से पिंडदान करने गया जा रहे थे। इस दौरान सासाराम में चेनारी के सबराबाद में एनएच के पास खड़ी ट्रक में बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बस सवार तीन लोगों की मौत जबकि आठ महिला सहित 15 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। मृतकों में गोवर्धन सिंह, बाला सिंह तथा राजेंद्र सिंह शामिल हैं जो राजस्थान के जलावर जिला के रहने वाले थे। घायलों की स्थिति चिंता से बाहर बताई जा रही है। मृतक तीनों आपस में रिश्तेदार हैं।

## स्पीड न्यूज

### पोषण माह के समापन पर कार्यक्रम आयोजित


उपस्थित बड़ा बाबू व अन्य।

**भवनाथपुर।** परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र अरसली डोमटोली में पोषण माह के समापन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सीडीपीओ कार्यालय के बड़ा बाबू मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि माह सितंबर में विभाग के द्वारा पोषण माह चलाया जाता है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के लाभुकों को सही खान-पान एवं पोषण के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार पोषण माह का थीम था पोषण भी पढ़ाई भी। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को गोदभराई एवं छोटे बच्चों को अन्नप्राशन करवाया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका वीणा चैरसिया, रेणु देवी, शीला देवी, अमलावती, सुषमा एवं नजमून निशा सहित कई सहायिका व महिलाएं उपस्थित थी।

### सेल डीएवी स्कूल के दो शिक्षक सम्मानित


सम्मानित करते पदाधिकारी।

**भवनाथपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सेल डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के दो शिक्षकों को गार्गी मंजू शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। रांची के टेंडर हार्ट स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान विद्यालय के वरीय शिक्षक शौकत अली एवं अनिल द्विवेदी को इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा के 104 विद्यालय के 208 शिक्षक उम्दा कार्यों के लिए सम्मानित किए गए। उन्हें स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार दिया गया। शिक्षकों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने बधाई एवं शुभकामना दी। वही विद्यालय के ओपी सिंह, प्रवीण पांडेय, सूरज सिंह, संजय राय भट्ट, लक्ष्मण कुमार, गणेश त्रिवेदी, राजीव कुमार, एनके चैधरी, बीबी साहू सहित कई शिक्षकों ने बधाई दी है।

# जो संवैधानिक अधिकार हमें नहीं मिला, आने वाली पीढ़ी को दिलाकर रहूंगा: ब्रह्मदेव प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा 80 गढ़वा-रंका विधानसभा स्तरीय जागरूकता महासम्मेलन का आयोजन शहर के टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महापुरूषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच पर तमाम पदाधिकारियों ने ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद का फूल माला से स्वागत किया।

मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि नौकरी का क्षेत्र हो, शिक्षा के क्षेत्र हो, चाहे वह मेडिकल और इंजीनियर पढ़ाई के क्षेत्र हो सभी जगहों पर ओबीसी के लिए 52 प्रतिशत सीट आरक्षित करना पड़ेगा। यह संकल्प के साथ हमलोगो ने हुंकार भरने का काम किया है। सभी दल के लोग, सभी जाति के लोग, ओबीसी परिवार के लोग एकता अधिकार मंच पर आकर के पूरे जन समर्थन देने का काम किया है। यह लड़ाई आने वाले पीढ़ी के लिए लड़ाई है इसलिए आपको साथ देकर के इस लड़ाई को देश स्तर पर ले जाना होगा, तभी आपका आने वाला पीढ़ी के लिए लड़ाई सफल होगा। मैं आप से निवेदन करने आया हूं। आपको घर घर में ब्रह्मदेव प्रसाद बनकर इस लड़ाई के अभियान में साथ देना होगा तब ही यह लड़ाई सफल होगा। आजादी के 78 वर्ष बाद भी हमे संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पाया है। इसको पाने के लिए गांव में, बस्ती में, चैपाल में, चैक पर, चैराहे पर, ब्रह्मदेव प्रसाद बनकर के नौजवानों को सभा करना होगा तब ही यह आंदोलन सफल होगा। मंच का संचालन इश्तियाक राजा ने किया। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, गोरखनाथ चैधरी, डॉ ज्वाला प्रसाद, डॉ पतंजलि केशरी, गुप्तेश्वर ठाकुर, संजय रंजन सिंह, चंपा देवी, बरूण बिहारी यादव, रविन्द्र नाथ ठाकुर, आनंद विश्वकर्मा, अब्दुल मन्नान, शिव चैधरी, सोनू यादव, वीरेंद्र चंद्रवंशी, अजय चैधरी, कुंदन चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


मंचासीन बीडी प्रसाद व अन्य।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

**एजेंसी**



**गोपालगंज।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग ने कहा बिहार में मोदी नीतीश की सरकार पूरे प्रदेश में पुराने बिजली के मीटर को हटाकर नया प्रीपेड स्मार्ट मीटर के नाम से लग रही है उसमें कई बड़ी खामियां हैं। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी और सरकार संयंत्र रचकर आम जनता को लूटने का काम कर रही है और बिजली देने के बदले जबरन अधिक राशि वसूल कर रही है। इसलिए इसमें घर-घर जाकर बिजली का बिल देखने की व्यवस्था नहीं है। इसे केंद्रीयकृत तरीके से संचालित किया जा रहा है और मनमाना ढंग से पैसे की वसूली की जा रही है।

यह मोदी नीतीश की सरकार भविष्य में बिहार की गरीब जनता से प्रतिवर्ष 10000 करोड़ लूटने की योजना है जो तीव्र गति से कार्यवान्वित होती जा रही है। माननीय उच्चतम न्यायालय के अनुसार बिजली उपभोक्ताओं के सहमति से ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर विभाग लगा सकती है लेकिन बिहार में बिजली विभाग माननीय न्यायालय के आदेश को भी अनदेखा करते हुए जबरदस्ती सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगा रही है।

## विधानसभा में भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार का रूप ले लिया है : गिरिनाथ सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा मेराल प्रखंड के पंचायत अरंगी के ग्राम कुम्भी, बनखेता एवं चरकापथल में किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा इस विधानसभा में भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार का रूप ले लिया है। मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर पर छतरपुर, विशुनपुर, पिपराखुर्द पड़ता है, जहां दलित परिवार के लोग रहते है। आज भी ये परिवार पानी, बिजली और सड़क के लिए तरस रहे है। पूर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि को जो मैंने काम कराया बस आज की स्थित यथावह बाना हुआ है। पिछले 15 सालो में पूर्व एवं वर्तमान के विधायक ने केवल विधानसभा को लूटने का काम किया है। आज लोग ढ़ीढोरा पीटते चल रहे हैं कि विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है, लेकिन सच ये है कि केवल जुमला मात्र रह गया है। आगे पूर्व मंत्री ने कहा कि यहां 50-50 प्रतिशत का खेल चल रहा है। एक ही रोड़ को बार बार बनाया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि मेराल प्रखंड को नगर पंचायत, नगपरिषद एवं आईटीआई कॉलेज खुलवाने का काम करूंगा। मौके पर सूरज सिंह, सुनील चंद्रवंशी, शिवनाथ चैधरी, राम अवतार राम, महेंद्र यादव, नारद यादव, प्रेमचंद यादव, चंदेश्वर चैधरी, हरेंद्र चैधरी, अजय कुमार कुशवाहा, अनुज शर्मा, राकेश ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।


जनसंपर्क करते गिरिनाथ सिंह।

## बिहार में बाढ़ से 16 लाख की आबादी प्रभावित

**एजेंसी**

**पटना।** नेपाल और बिहार में हुई बारिश से उत्तर बिहार के 12 जिलों की करीब 16 लाख आबादी प्रभावित है। हालांकि सोमवार सुबह सुपौल जिले के वीरपुर स्थित कोशी बराज के सभी 56 फाटक को बन्द कर दिया गया। जिससे लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की उम्मीद है। यह बीते चार दिनों से खुला हुआ था। बीते 24 घंटे के दौरान कोसी-सीमांचल में बाढ़ के पानी में डूबने से 06 लोगों की मौत हो गई है। कोसी बराज का फाटक खोले जाने के तीसरे दिन रविवार-सोमवार को मध्य रात्रि दरभंगा जिले में किरतपुर प्रखंड के भूभौल गांव के पास कोसी के तटबंध के टूट जाने से किरतपुर प्रखंड और घनश्यामपुर प्रखंड में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। दरभंगा जिला प्रशासन ओर से इसे रविवार देर शाम से बचाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन पानी के दवाब को यह सह न सका और रात एक बजे टूट गया। उत्तर बिहार के प्रमुख नदियों में एक बागमती नदी जो उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी शिवहर और कुछ मोतिहारी इलाके को प्रभावित करती है, वह भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।



## कोसी-सीमांचल में डूबने से 06 की मौत

कोसी-सीमांचल व आसपास के जिलों में डूबने से 6 लोगों की मौत हो गयी। अररिया में तीन लोगों की जान गयी जबकि किशनगंज में भी दो लोगों की मौत हुई है। सुपौल में जलकुंभी से पाट निकालने के दौरान युवक लापता हो गया जिसकी खोजबीन जारी है। अररिया के पलासी प्रखंड के अलग-अलग स्थानों पर बाढ़ का पानी में डूबने से 12 वर्षीय बच्ची लापता हो गयी व एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दो वर्षीय प्रियांशी की गहरे पानी के गड्ढे में जाने से मौत हो गई।किशनगंज के बुडीडांगी नदी में स्नान करने के दौरान एक 16 वर्षीय युवती की डूब कर मौत हो गई है। उसकी पहचान चुरली हटिया निवासी शंकर सहनी की बेटी संगीता उम्र 16 के रूप में की गई है। सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साइफन के समीप जलकुंभी से पाट निकालने के दौरान 30 वर्षीय युवक लापता हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी योगेंद्र ऋषिदेव के 30 वर्षीय पुत्र चंदन ऋषिदेव गोबिंदपुर साइफन समीप जलकुंभी से पाट निकालकर उसे तैयार करने गया था। जलकुंभी से पाट निकालने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। रविवार को जेसीबी के माध्यम से जलकुंभी को हटाकर खोजबीन की जा रही है।

# दुर्गापूजा एवं दशहरा त्यौहार को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** दुर्गापूजा एवं दशहरा त्यौहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर सोमवार को समाहरणालय गढ़वा की सभागार में डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र में हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों ने बताया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं। डीसी ने खुशी व्यक्त करते हुए इसी प्रकार से आगे भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि त्यौहारों के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े। यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो इसे जिला प्रशासन को साझा करें या स्थानीय प्रशासन अथवा थाना प्रभारी को सूचित करें, ताकि समय रहते उन्हें रोका जा सके। किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में न लें। बैठक में डीसी ने विभिन्न स्तर की तैयारी को लेकर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति एवं शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए एवं प्रत्येक पंडालों में महिला एवं पुरुषों के आवागमन के लिए अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया साइट पर भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को साझा नहीं करने की बात कही। साथ ही जिले के विभिन्न कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद एवं नगर पंचायत को त्यौहारों के दौरान भीड़भाड़ से निबटने के लिए सुव्यवस्था कायम करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में कुल 667 पूजा पंडाल लगाए जाने हैं, जिसमें 27 लाइसेंसी एवं 640 गैर-लाइसेंसी पूजा पंडाल है। सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगवाने एवं महिला पुरुष के लिए अलग-अलग गेट बनाने की बात कही गई। मूर्ति विसर्जन को लेकर चर्चा करते हुए ससमय रात्रि 10:00 बजे तक विसर्जन प्रक्रिया संपन्न करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही दशहरे के अवसर पर सप्तमी पूजा के दिन सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे दिन तक एवं सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ट्रैफिक व्यवस्था के तहत बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद रखने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, गढ़वा एसडीपीओ, रंका एसडीपीओ, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ, माननीय सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि, शांति समिति के गणमान्य सदस्यगण समेत सभी कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंतागण, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी, एसपी व अन्य।

